ब्रह्मोस भारत की ताकत : राजनाथ

योगी ने ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को दिखाई झंडी

लखनऊ, 18 अक्टूबर. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई में निर्मित मिसाइलों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.

इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे विरोधी अब ब्रह्मोस से बच नहीं पाएंगे. पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है. उन्होंने कहा मैंने इस परिसर में रुद्राक्ष के पौधे का रोपण किया है. रुद्राक्ष को वैसे भी



महादेव का रूप माना जाता है. मैं चाहता हूँ इस परिसर पर महादेव का आशीर्वाद बना रहे. हमारे विरोधी अब ब्रह्मोस से बच नहीं पाएंगे. पाकिस्तान की एक-एक इंच जमीन ब्रह्मोस की पहुंच में है. ऑपरेशन से दूर तो केवल एक ट्रेलर था उसे ट्रेलर नहीं पाकिस्तान को यह एहसास दिला दिया अगर भारत-पाकिस्तान को जन्म दे सकता है तो समय आने पर क्या कर सकता है या मुझे बोलने की जरूरत नहीं. मुख्यमंत्री योगी ने कहा, यह आत्मनिर्भर भारत की नींव है... अब तक हमने छह नोड्स में इसके लिए 2,500 एकड़ से ज़्यादा ज़मीन उपलब्ध कराई है. इसके जरिए राज्य के 15,000 से ज़्यादा युवाओं को रोज़गार मिला है. ब्रह्मोस के महानिदेशक और रक्षा मंत्री ने हाल ही में हमें 40 करोड़ का जीएसटी चेक प्रदान किया.

हर साल बनाई जाएगी 100 ब्रह्मोस मिसाइलें

उन्होंने कहा जब हर साल 100 ब्रह्मोस मिसाइलें बनाई जाएंगी और भविष्य में इनकी क्षमता बढ़कर 150 हो जाएगी, तो राज्य सरकार को इन मिसाइलों से जीएसटी के माध्यम से सालाना 150 से 200 करोड़ प्राप्त होंगे. एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह न केवल उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे (यूपीडीआईसी) के लिए एक मील का पत्थर है, बल्कि रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने के भारत के संकल्प को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा. बयान में कहा गया है कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली के निर्माता, ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित अपने नए एकीकरण और परीक्षण केंद्र से इस मिसाइल प्रणाली की पहली खेप का सफलतापूर्वक उत्पादन किया है. यह अत्याधुनिक इकाई, जिसका उद्घाटन 11 मई, 2025 को हुआ था.

गरीब रथ एक्सप्रेस में लगी भीषण आग

सरहिंद जंक्शन पर हादसा तीन कोच जलकर खाक

फतेहगढ़ साहिब 18 अक्टूबर. अमृतसर से सहरसा जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस में शनिवार सुबह करीब सवा सात बजे आग लग गई। ट्रेन के तीन जनरल एसी कोच आग की चपेट में आ गए,जिनमें 125 यात्री सवार थे. हादसा सरहिंद जंक्शन के आउटर पर हुआ.

हादसे में बिहार की रहने वाली जीरा देवी गंभीर रूप से झुलस गई. अमृतसर से चलकर सहरसा जाने वाली गरीब रथ एक्प्रेस के तीन एसी जनरल कोच आग की चपेट में आ गए. ट्रेन सुबह 7 बजकर 22 मिनट पर सरहिंद रेलवे जंक्शन से क्रॉस हो रही थी, जिस समय उसके

कोच संख्या 19 से धुआं निकलता देखा गया. जिसके बाद तुरंत ट्रेन को सरहिंद जंक्शन के आउटर पर ब्राह्मण माजरा फ्लाई ओवर के नीचे रोक दिया गया. तब तक कोच संख्या 19 में लगी आग से कोच नंबर 18 और 20 भी आंशिक रुप से चपेट में आ गए थे. ट्रेन रोकने के बाद यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया. हादसे में एक महिला झुलस गई.

तीन कोच में सवार थे 125 लोग : आग की चपेट में आने वाले तीन कोच में 125 यात्री सवार थे। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि बिहार के छपरा जिले के सदवाही की रहने वाली एक महिला जीरा देवी आग की चपेट में आने से झुलस गई।

नौका दुर्घटना में तीन भारतीयों की मौत

नई दिल्ली 18 अक्टूबर (वार्ता) पूर्वी अफ्रीकी देश मोजाम्बिक में बेइरा बंदरगाह के पास एक भयानक नौका दुर्घटना में तीन भारतीय नागरिकों की मौत हो गई और पांच अन्य लापता बताए जा रहे हैं.

मोजाम्बिक स्थित भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को हुई इस घटना की पुष्टि करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति शोक और संवेदना व्यक्त की है. उच्चायोग ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि दुर्घटना के बाद खोज और बचाव कार्य जारी है. उच्चायोग स्थानीय अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है. उच्चायोग ने कहा है कि अधिकारी इस दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है.

जियो की ग्राहक संख्या 50 करोड़ पार

पांच प्रतिशत ट्रैफिक ने बनाया नया रिकॉर्ड

दूसरी तिमाही में 7,379 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज

मुंबई, 18 अक्टूबर. रिलायंस जियो ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में 7,379 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 12.8 फीसदी अधिक है.

रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूसरी तिमाही के नतीजों में यह जानकारी सामने आई. कंपनी के अनुसार, जियो प्लेटफॉर्म्स का 17.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 18,757 करोड़ तक पहुंच गया है. इस अवधि में जियो के ग्राहक आधार में 83 लाख की वृद्धि दर्ज की गई और सितंबर 2025 तक कुल ग्राहक संख्या 50 करोड़ 64 लाख से अधिक हो गई जो भारतीय टेलीकॉम सेक्टर में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है. स तिमाही में जियो नेटवर्क ने 58.4 अरब जीबी डेटा ट्रैफिक संभाला, जबकि वॉयस ट्रैफिक 1.5 ट्रिलियन मिनट्स तक पहुंच गया. कंपनी ने बताया कि वायरलेस डेटा ट्रैफिक में 5 प्रतिशत का योगदान अब लगभग 50 प्रतिशत हो गया है. जियोट्रू 5 प्रतिशत उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़कर 23 करोड़ 40 लाख को पार कर गई है. कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कहा कि जियो ने 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों को डिजिटल सेवाएं प्रदान कर भारत में तकनीकी क्रांति को नई दिशा दी है.

जियो पूरी तरह मेड इन इंडिया तकनीक को न केवल देशभर में लागू कर रहा है, बल्कि अब इसे वैश्विक स्तर पर ले जाने की तैयारी में है. कंपनी की फिक्स्ड ब्रॉडबैंड सेवा ने भी इस तिमाही में मजबूत प्रदर्शन किया है. हर महीने औसतन 10 लाख नए घर जुड़े, जिससे कुल जुड़े परिसरों की संख्या 2 करोड़ 30 लाख तक पहुंच गई. वहीं, जियो एयरफाइबर ने दुनिया में अग्रणी स्थिति कायम रखते हुए अपना सब्सक्राइबर बेस बढ़ाकर 95 लाख कर लिया है. जियो का कहना है निरंतर तकनीकी नवाचार, विस्तारित नेटवर्क और सस्ती डिजिटल सेवाओं ने कंपनी को भारत के सबसे बड़े कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है.



भारत की यह गलतफहमी कि वह महफूज है : आसिम मुनीर

पाकिस्तान के आर्मी चीफ की गीदड़ भभकी

इस्लामाबाद 18 अक्टूबर. पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने शनिवार को फिर से भारत के खिलाफ भड़काऊ बयानबाजी की है. उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास ऐसे हथियार हैं, जो कही भी जाकर हमला कर सकते हैं. मुनीर ने कहा कि भारत की यह गलतफहमी कि वह अपनी बड़े होने की वजह से (एरिया में) महफूज है, जल्द खत्म हो जाएगी.

मुनीर ने ये बातें सैन्य अकादमी में एक पासिंग परेड को संबोधित करने के दौरान कही. उन्होंने कहा कि परमाणु शक्ति वाले माहौल में

जंग की कोई जगह नहीं है. अगर दोनों देशों के बीच कोई जंग हुई तो पाकिस्तानी सेना का जवाब उम्मीद से कहीं बढ़कर होगा, जिसके बारे में हमला करने वाले ने सोचा भी नहीं होगा. मुनीर ने कहा कि ऑपरेशन बुनीयान-उम-मारसूज के दौरान पाकिस्तान आर्मी ने अपनी काबिलियत दिखाई.

रिलायंस डिजिटल में फेस्टिवल ऑफर शुरू

26 तक गैजेट्स और होम अप्लायंसेज पर जबरदस्त छूट

प्रमुख बैंक कार्ड्स पर 20,000 तक की छूट

मुंबई, 19 अक्टूबर. त्यौहारों के मौसम में रिलायंस डिजिटल ने ग्राहकों के लिए 'फेस्टिवल ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स' की शुरुआत की है.

इस दौरान उपभोक्ता स्मार्ट गैजेट्स से लेकर घरेलू उपकरणों तक पर आकर्षक ऑफर्स और छूट का लाभ उठा सकते हैं. कंपनी का कहना है कि यह पहल त्योहारों को और यादगार बनाने और ग्राहकों को स्मार्ट शॉपिंग का अवसर देने के उद्देश्य से की गई है. रिलायंस डिजिटल के अनुसार, इन ऑफर्स के तहत प्रमुख बैंक कार्ड्स पर 20,000 तक की तत्काल छूट और पेपर फाइनेंस के माध्यम से 30,000 तक का कैशबैक उपलब्ध है. जियो का मुनाफा 12.8 प्रतिशत बढ़ कर 7,379 करोड़, ग्राहक संख्या 50 करोड़ पार हो गया है. 5 प्रतिशत डेटा ट्रैफिक का हिस्सा पहुंचा 50 प्रतिशत, जियो एयरफाइबर 95 लाख यूजर्स तक पहुंचा गया. इसके अतिरिक्त टॉप लोड वाशिंग मशीन मात्र 10,990 रु. से, छोटे घरेलू उपकरणों पर 15 फीसदी की छूट.

कंपनी ने बताया कि चयनित उत्पादों पर जीएसटी-कम कीमतों के साथ अतिरिक्त लाभ भी दिए जा रहे हैं, ताकि ग्राहक अधिक बचत कर सकें. कंपनी का कहना है कि यह फेस्टिवल ग्राहकों को अपने घरों को अपग्रेड करने और इस त्योहारी सीजन को स्टाइल में मनाने का मौका देता है. सीमित अवधि का ऑफर है, जो 26 अक्ट. तक ही उपलब्ध रहेगा. उत्सव सेल में कुछ विशेष आकर्षक ऑफ़र प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें तोशिबा 65 इंच क्यूएलईडी टेलीविजन मात्र 45,990 रु.में, आईफोन 16 ई 44,990 रु. से प्रारम्भ, 1 टन 3 स्टार इन्वर्टर स्प्लिट एसी 17,990 रु. से शुरू है.

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (आईआईएफएल-एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी हैं तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि वापस करने के लिए मांग नोटिस जारी किया गया था, इसलिए उधारकर्ता तथा आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लेखित राशि के साथ ब्याज भी शामिल है। "उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" की बकाया राशि के साथ-साथ सभी लागतों, शुल्कों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित परिसंपत्तियों को "IIFL HFL" द्वारा बेचा या हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और सुरक्षित परिसंपत्तियों के हस्तांतरण या बिक्री के लिए "IIFL HFL" द्वारा कोई और कदम नहीं उठाया जाएगा।

उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता	सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति)	कुल बकाया बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री धर्मेन्द्र श्रीमती पिंकी तिरोले श्रीमती सुवद्रा बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10554831)	पटवार हलका संख्या 11, खसरा संख्या 74, ग्राम झिरी, तहसील बुरहानपुर, जिला बुरहानपुर, म.प्र., भारत, 450331 का वह पूरा टुकड़ा। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्रफल, निर्मित क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 450.00, 425.00, 340.00	रु. 251044/- दो लाख इक्यावन हजार चौवालीस मात्र	08-05-2025	17/10/2025
श्री तोताराम घाटे दुर्गेश किराना अरदला श्री मांगीलाल श्रीमती ममता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10353170)	पटवारी हल्का संख्या 53, खसरा संख्या 643, ग्राम अर्दलकलां, पंधाना, खंडवा, म.प्र., भारत, 450661 में स्थित, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रफल: 948.00, 792.00, 633.00	रु. 246618/- दो लाख छियालीस हजार छह सौ अठारह मात्र	08-04-2025	17/10/2025

अधिक जानकारी के लिए कृपया शाखा कार्यालयः 102/103, दर्शन मॉल, 15/2 रेसकोर्स रोड, इंदौर- 452001, म.प्र. या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट संख्या 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में प्राधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः इन्दौर
दिनांकः 19.10.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

एक नजर में

दिल्ली में सांसदों के फ्लैट्स में लगी भीषण आग

नई दिल्ली 18 अक्टूबर. राजधानी दिल्ली के डॉ. बिशंबर दास मार्ग स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट्स में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. यह अपार्टमेंट संसद भवन से महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित है और यहां कई राज्यसभा सांसदों के फ्लैट हैं. दमकल विभाग को आग लगने की सूचना दोपहर 1:20 बजे मिली, जिसके तुरंत बाद छह दमकल गाड़ियां मौके पर रवाना की गई. आग ग्राउंड फ्लोर से शुरू होकर पहले और दूसरे फ्लोर तक पहुंच गई. तेज लपटों और धुएं के कारण आसपास के लोगों और अधिकारियों में हड़कंप मच गया. दमकलकर्मी आग पर काबू पाने के लिए लगातार प्रयास शुरू किए. घटनास्थल पर पुलिस बल और अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी पहुंच गए, जो राहत और बचाव कार्यों में जुट गए. इस दौरान अपार्टमेंट के बाहर भारी संख्या में लोग जमा हो गए, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और ट्रैफिक प्रभावित हुआ.

ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू ने छोड़ी शाही उपाधियां

लंदन 18 अक्टूबर. ब्रिटेन के राजकुमार एंड्रयू ने अपनी शाही उपाधियां छोड़ने की घोषणा की हैं। इसमें ड्यूक ऑफ यार्क की उपाधि भी शामिल है, जो उन्हें उनकी मांग दिवंगत महारानी एलिजाबेथ ने दिया था। प्रिंस एंड्रय ने यह घोषणा ऐसे समय में की है, जब बाल यौन शोषण के दोषी जेफरी एपस्टीन के साथ संबंधों को लेकर वह हाल के दिनों में तीखी आलोचना का शिकार रहे हैं। 65 वर्षीय एंड्रयू ने चौंकाने वाली घोषणा में कहा, मैं अब अपनी उपाधि या मुझे दिए गए सम्मानों का उपयोग नहीं करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि उनका यह फैसला ब्रिटेन के राष्ट्राध्यक्ष किंग चार्ल्स तृतीय के साथ चर्चा के बाद आया है। बकिंघम पैलेस से जारी एक बयान में एंड्रयू ने कहा, मैंने हमेशा की तरह अपने परिवार और देश के प्रति अपन कर्तव्य को सबसे ऊपर रखने का फैसला लिया है। उन्होंने आगे कहा, हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि मुझ पर लगातार लग रहे आरोप महामहिम और शाही परिवार के काम में बाधा डालते हैं। हालांकि, उन्होंने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया।

आपका जीवन खुशियों से भरे : केजरीवाल

आप महिला विंग के कार्यक्रम में महिलाओं से की मुलाकात

नई दिल्ली, 18 अक्टूबर. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने महिला शक्ति के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए दिवाली से पहले खास स्नेहिल पहल की.

पार्टी कार्यालय में आयोजित महिला विंग के दिवाली मिलन कार्यक्रम में शिरकत कर उन्होंने मां-बहनों से सीधे संवाद किया और त्योहार की बधाई दी. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के महिला विंग द्वारा आयोजित दिवाली मिलन समारोह में हिस्सा लिया. यह कार्यक्रम पार्टी कार्यालय में आयोजित किया गया, जहां दिल्ली और आसपास की सैकड़ों महिलाएं

मौजूद थीं.

केजरीवाल ने मंच से संबोधित करते हुए सभी माताओं और बहनों को दीपावली व आने वाले सभी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा, आपका जीवन खुशियों से भरा रहे, आपके परिवार में हमेशा सुख-शांति और समृद्धि बनी रहे.

कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल महिलाओं से घुल-मिल गए और उनसे व्यक्तिगत तौर पर भी बातचीत की. उन्होंने कहा कि मां-बहनों का आशीर्वाद ही उनके लिए सबसे बड़ी ताकत है.

इस अवसर पर पार्टी कार्यालय को दीपों और रंगोली से सजाया गया था. सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का माहौल बेहद जीवंत रहा. महिलाओं ने केजरीवाल के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उन्हें अपनी समस्याएं भी साझा कीं. पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर भी इस मिलन की तस्वीरें साझा कीं और लिखा, महिला विंग के दिवाली मिलन में माताओं-बहनों से मिलकर मन प्रसन्न हो गया. आप सभी को दीपावली की शुभकामनाएं.

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को मेरे पक्षकार ज्ञानसिंह पंवार पिता श्री जीवाजी उर्फ जीवनसिंह पंवार निवासी- 2-जे, सेक्टर-ए, स्कीम नं. 71. इंदौर की ओर से दी गई माहिती एवं निर्देशानुसार यह सावधान सूचना प्रकाशित करने में आती है कि मेरे पक्षकार का पुत्र राजवीरसिंह पिता ज्ञानसिंह पंवार जो कि गलत संगत में होकर मेरे पक्षकार द्वारा काफी समझाइश दिये जाने एवं कई अवसर दिये जाने पर भी मेरे पक्षकार का पुत्र राजवीरसिंह सुधर नहीं रहा है एवं मेरे पक्षकार के कहने में नहीं होने से मेरा पक्षकार अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्तियों से उसके पुत्र राजवीरसिंह को बेदखल करता है। आज दिनांक के पश्चात् राजवीरसिंह पिता ज्ञानसिंह पंवार का मेरे पक्षकार से अथवा मेरे परिवार के सदस्यों कोई संबंध नहीं रहेगा।

इस कारण यह सावधान जाहिर सूचना प्रकाशित करने में आती है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि उक्त राजवीरसिंह पिता ज्ञानसिंह पंवार से संव्यवहार, क्रय-विक्रय, अंतरण संबंधी कार्यवाही न करें। यदि ऐसा कोई संव्यवहार पाया जाता है तो वह मेरे पक्षकार पर अथवा उसके परिजनों पर बंधनकारी नहीं होकर प्रभाव शून्य माना जावेगा एवं मेरा पक्षकार राजवीरसिंह पिता ज्ञानसिंह पंवार द्वारा किये गये किसी भी कार्यकलाप हेतु जिम्मेदार नहीं रहेगा। न्यायालयीन कार्यवाही हेतु सर्वसंबंधित जवाबदार रहेंगे।

सचिन भावसार, एडवोकेट
32/2, मोती तबेला, इंदौर मो. 7000361477

पावर ग्रिड को एसपीवी के माध्यम से ट्रांसमिशन जिम्मेदारी मिली

नईदिल्ली, 18 अक्टूबर. आरईसीपीडीसीएल ने अंतरराज्यीय ट्रांसमिशन परियोजना की एसपीवी, एसआर डब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को मेसर्स पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड को सौंप दिया. आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड जो विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में महारत्न सीपीएसयू, आरईसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, ने टीबीसीबी रूट के तहत आईएसटीएस ट्रांसमिशन परियोजना के लिए एक परियोजना विशिष्ट एसपीवी अर्थात एसआर डब्ल्यूआर पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड को मेसर्स पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड को सौंप दिया. मेसर्स पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, बिल्ड, ओन, ऑपरेट एंड ट्रांसफर आधार पर ट्रांसमिशन परियोजना के विकास के लिए बोली प्रक्रिया समन्वयक आरईसीपीडीसीएल द्वारा आयोजित टैरिफ-आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से सफल बोलीदाता के रूप में उभरी. आरईसीपीडीसीएल के सीईओ सौरभ रस्तोगी ने आरईसीपीडीसीएल, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के कंपनी सचिव सत्यप्रकाश दाश को एसपीवी सौंपा. परियोजना की कार्यान्वयन अवधि 24 महीने है.

वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
यूनिट 203 और 204, द्वितीय तल, "ए" विंग, नवभारत एस्टेट, जकारिया बंदर रोड, सिवरी (पश्चिम), मुंबई 400015. महाराष्ट्र। सीआईएन नं.: U65922MH2005PLC272501

कब्जा नोटिस

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 13 (12) के साथ नियम 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे उल्लिखित उधारकताओं से उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए मांग नोटिस जारी करता हूँ। उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 9 के अंतर्गत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित संपत्ति का कब्जा नीचे उल्लिखित तिथि को ले लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और गारंटर तथा आम जनता को इस संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड शाखा के प्रभार के अधीन होगा, जिसके अंतर्गत नीचे उल्लिखित राशि तथा उस पर ब्याज, लागत आदि शामिल होंगे।

स. क्रं.	उधारकर्ता का नाम, सह-उधारकर्ता और LAN नंबर	मांग नोटिस की तिथि और राशि	संपत्ति का विवरण	कब्जा करने की तिथि और प्रकार
1	विजय सिंह पंवार, पप्पू सिंह पवार, कांगरेस बाई LP0000000092201	20/मई/25 रू. 621098 13/मई/25 तक	मकान संख्या 03 भूमि पर स्थित एक अचल संपत्ति सुराही संख्या 573 5 ग्राम मुंज तहसील आलोटे जिला रतलाम मध्य प्रदेश, 457114 कुल क्षेत्रफल 2400 वर्ग फुट। उत्तरः स्वयं की संपत्ति, दक्षिणः आम रास्ता, पूर्वः विक्रम सिंह जी की संपत्ति, पश्चिमः स्वयं की संपत्ति	प्रतीकात्मक कब्जा 17/10/2025 को लिया गया
2	आरिफ खान, गुलबशा बी LP0000000174932	15/अप्रैल/25 रु.774587 09/अप्रैल/25 तक	संपत्ति पीएच नंबर 45, प्लॉट नंबर 06, गांव निंबा खेड़ी और ग्राम पंचायत लसुड़िया सूरजमल तहसील ताल व जिला रतलाम मध्य प्रदेश- 457114. कुल क्षेत्रफल 1444 वर्ग फुट। उत्तरः टेम्पल रोड, दक्षिणः माताजी ओटला, पूर्वः का घर शंभु सिंह, पश्चिमी : आम रास्ता	प्रतीकात्मक कब्जा 17/10/2025 को लिया गया
3	उर्मिला पाति, नरेंद्र पाति MHL000000166950	29/मार्च/25 रू. 1132137 18/मार्च/25 तक	प्लॉट संख्या 70, पीएचएन-117, वार्ड संख्या 29, भूमि क्रमांक 82/2/2, ग्राम -मंडलवाड़ा, तहसील-पीथमपुर, जिला-धार, मध्य प्रदेश। उत्तरः प्लॉट संख्या 69, दक्षिणः प्लॉट संख्या 71, पूर्वः प्लॉट संख्या 87, पश्चिमः कॉलोनी रोड	प्रतीकात्मक कब्जा 16/10/2025 को लिया गया

दिनांक : 19.10.2025
स्थान : रतलाम, धार

अधिकृत अधिकारी
वास्तु हाउसिंग फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड

रियर एडमिरल शांतनु झा ने संभाली कमान

मुंबई 18 अक्टूबर. भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी रियर एडमिरल शांतनु झा, एनएम ने महाराष्ट्र नौसेना क्षेत्र (फोमा) की कमान संभाल ली। उन्होंने यह जिम्मेदारी रियर एडमिरल अनिल जग्गी से एक औपचारिक परेड समारोह में ग्रहण की, जो मुंबई स्थित आईएनएस कुंजली में आयोजित किया गया।

रियर एडमिरल शांतनु झा का नौसेना में शानदार करियर तीन दशकों से अधिक का रहा है। उन्हें 1 जुलाई 1993 को भारतीय नौसेना में कमीशन मिला था। नेशनल डिफेंस एकेडमी (एनडीए) के स्नातक शांतनु झा नौवहन और दिशा निर्देशन के विशेषज्ञ हैं। उन्होंने अपने करियर

के दौरान नौसेना की छह प्रमुख फ्रिगेट्स और डेस्ट्रॉयर्स, साथ ही विमानवाहक पोत आईएनएस विराट को भी नेविगेट किया है। शांतनु झा प्रतिष्ठित आईएनएस विक्रमादित्य पर बतौर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर भी सेवा दी है। उन्होंने प्रतिष्ठित आईएनएस विक्रॉ मादित्य पर बतौर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर भी सेवा दी है।

समुद्र में उनके कमांड अनुभव में आईएनएस निशांक, आईएनएस कोरा और आईएनएस सह्याद्री जैसे जहाजों की कमान शामिल है। स्टाफ असाइनमेंट्स के दौरान उन्होंने नई दिल्ली में नौसेना मुख्यालय में कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। इनमें ज्वाइंट डायरेक्टर (पर्सनल), नेवल असिस्टेंट टू वाइस चीफ ऑफ नेवल स्टाफ, कमोडोर (फॉरेन कोऑपरेशन) तथा कमोडोर (स्ट्रैटेजी, कॉन्सेप्ट्स एंड ट्रांसफॉर्मेशन) जैसे पद शामिल हैं। इसके अलावा, उन्होंने तेहरान स्थित भारतीय दूतावास में भारत के नौसेना अताशे के रूप में भी सेवाएं दीं।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग-खण्डवा
Phone No. 0733-2223292, E-mail - eephedkhd@rediffmail.com
क्र. 2807/निविदा/लोस्वायांवि/2025 खण्डवा दिनांक 17.10.2025

//निविदा सूचना कमांक-21/2025-26 //
(द्वितीय आमंत्रण)

खण्डवा जिले के विकासखण्ड पुनासा के ग्राम गुर्जरखेडी में जलजीवन मिशन अन्तर्गत अन्तर्गत नलजल योजना के कार्य किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदाएँ- टेण्डर आईडी क्रमांक 2025_PHED_458124_1 से आमंत्रित की जाती है, कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 71.04 लाख है। निविदा दर डालने की अंतिम तिथि दिनांक 27.10.2025 समय दोपहर 17.30 बजे तक निर्धारित है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ईटेण्डर पोर्टल www.mptenders.gov.in/nicegp/app पर देखी जा सकती है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त वाले संशोधन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही प्रकाशित किये जायेंगे।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
खण्डवा

जी -20343/25

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन
फोन नं. 07282-231402 eephedkhr@nic.in
क्रमांक/3562/निविदा/का.य./लो.स्वा.यां/2025 खरगोन, दिनांक 17.10.2025

निविदा सूचना क्रमांक 21/2025-26

कार्य का विवरण- खरगोन जिले के विकासखण्ड महेश्वर की गुणवत्ता प्रभावित समूह नलजल योजना के संचालन/संधारण इत्यादि कार्य (03 माह) हेतु कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल द्वारा जारी यू.एस.ओ.आर. दिनांक 01.09.2023 एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक संशोधित दरे लागू होगी, हेतु निविदा एपेंडिक्स '2.10' पर ई-टेन्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। जिनके टेण्डर आई.डी. 2025_PHED_458185 है. तथा कार्य की कुल अनुमानित लागत रु. 16.75 लाख है। निविदा में ऑनलाईन निविदा फार्म कय करने की एवं निविदा दर डालने अंतिम तिथि 29.10.2025, समय.17.30 बजे तथा ऑनलाईन निविदा दर खोलने की तिथि -31.10.2025 है।

निविदा एवं उससे संबंधित जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाईड पर देखे।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा.यांत्रिकी खंड, खरगोन

जी -20350/25

वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड
WONDER HOME FINANCE Zindagi Ki Perfect Shuruaat
कॉर्पोरेट ऑफिस : 620, छठवीं मंजिल, नॉर्थ ब्लॉक, वर्ल्ड ट्रेड पार्क, मालवीय नगर, जेएलएन रोड, जयपुर- 302017, टेलीफोनः 0141- 4750000

सिक्युरिटाईजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारों द्वारा निम्न सूची के अनुसार ऋणी का खाता एन.पी.एन. होने के कारण निम्न तालिका के अनुसार " वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूमिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13(2) के अन्तर्गत 60 दिन का नोटिस दिया गया था। नोटिस के अनुसार यदि ऋणी/गारण्टर 60 दिवस के अंदर बकाया ऋण राशि जमा नहीं कराते हैं तो ऋण की वसूली बंधक सम्पत्ति को नीलाम करके की जायेगी। डिमाण्ड नोटिस की तामील ना होने के कारण नोटिस की छायाप्रति बंधक सम्पत्ति पर चस्पा की जा चुकी है। अतः आपको यह सूचित किया जाता है कि नोटिस प्रकाशित दिनांक से 60 दिन के अन्दर-अन्दर निम्न तालिका के अनुसार रूपया तथा भविष्य का ब्याज, वसूली में होने वाला खर्चा जमा कराये अन्यथा एक्ट की धारा 13 (4) एवं 14 के प्रावधानों के अन्तर्गत निम्न सूची के अनुसार साम्यिक बंधक सम्पत्ति का भौतिक कब्जा लेने एवं इसे नीलामी कर ऋण राशि की वसूली कराने के लिए प्राधिकृत अधिकारी स्वतंत्र होंगे।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता/गारंटर का नाम एवं ऋण खाता संख्या	धारा 13 (2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक सम्पति का विवरण
(ऋण खाता संख्या) LN20040HP23-24014722, श्री पंकज परमार पुत्र श्री जगन्नाथ (ऋणी), श्रीमती ज्योति जटवा (सहऋणी), श्री महेश परमार (सहऋणी)	16/10/2025 Rs. 26,91,152.62 छब्बीस लाख इक्यानवे हजार एक सौ बानवे रूपये एवं बासठ पैसे मात्र 8/10/2025 तक	श्री पंकज परमार पुत्र श्री जगन्नाथ की सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित वार्ड नं. 76 ग्राम बिचोली मरदाना टेकरी, बिचोली मरदाना इन्दौर तहसील एवं जिला इन्दौर, मप्र 452006, क्षेत्रफल 800 वर्गफीट
(ऋण खाता संख्या) LN20040HP24-25025726, श्री विनोद (ऋणी), श्रीमती संगीता (सहऋणी)	16/10/2025 Rs. 9,59,982/- नौ लाख उनसठ हजार नौ सौ बयासी रूपये मात्र 8/10/2025 तक	श्रीमती संगीता की सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित प्लॉट नं. 50 का उत्तरी भाग, पटवारी हलका नं. 58/117, सर्वे नं. 56/2/2, वार्ड नं. 28 ग्राम बागदून, तहसील एंव जिला धार, मप्र 454774, क्षेत्रफल 480 वर्गफीट
(ऋण खाता सख्या) LN20040HP24-25025468, श्री हेमन्त सांखला (ऋणी), श्री महावीर सांखला (सहऋणी), श्री भरत सिंह (सहऋणी), श्रीमती कान्ता (ऋणी)	16/10/2025 Rs. 14,67,166.44 चौदह लाख सडसठ हजार एक सौ छियासठ रूपये एवं चवालीस पैसे मात्र 8/10/2025 तक	श्री हेमन्त सांखला, श्री महावीर सांखला एवं श्ररी भरत सिंह की सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग स्थित मकान स्थित मकान नं. 72, प्रिंस पैलेस कॉलोनी सिरपुर, तहसील एवं जिला इन्दौर, मप्र 452015, क्षेत्रफल 720 वर्गफीट

दिनांकः 18-10-2025 स्थानः इन्दौर, मप्र प्राधिकृत अधिकारी वंडर होम फाइनेंस लिमिटेड